कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0,छठा तल,जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या– एम0ई0–3/2017/387 दिनांकः07 जून,2017

नीट पी0जी0–2017 की माप अप राउण्ड की काउंसिलिंग दिनांक–09 एवं 10 जून, 2017 के सम्बन्ध में अति आवश्यक सूचना

मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या–8268 आफ 2017, स्पेशल अपील डी0 संख्या–16874 आफ 2017, जो रिट सी संख्या–17183 आफ 2017 में पारित मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 29.5.2017 के क्रम में निम्नवत पारित किया गया हैः–

"For the reasons recorded in the Reportable Judgment, which is placed on the file, the impugned judgment and order of the High Court and all consequential action taken by the State of U.P. and/or any other authority pursuant to that order are set aside. It is clarified that those who were counselled and granted admission prior to the impugned judgment of the High Court shall be permitted to continue in their respective courses. The time for filling up the vacant seats, if any, in AMU, BHU and Government run medical colleges/institutions in the State of U.P. is extended up to 12th June, 2017 in the peculiar facts and circumstances of the case. We further permit the AMU, BHU and Government run medical colleges/institutions in the State to fill up the seats in the post graduate courses in the AMU, BHU and Government run medical colleges/institutions up to 12.06.2017."

मा0 उच्चतम न्यायालय के उक्त आदेशों के अनुपालन में राजकीय मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों, ए0एम0यू0, अलीगढ तथा बी0एच0यू0, वाराणसी की रिक्त सीटों पर माप–अप राउण्ड की काउंसिलिंग निम्नवत की जायेगी :–

काउंसिलिंग स्थल	**अभिलेखों का सत्यापन एवं काउंसिलिंग/आवंटन तिथि**
लेक्चर थियेटर/हाल, निकट प्रशासनिक भवन, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ	राजकीय मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों हेतु दिनांक–09 जून, 2017 अभिलेखों का सत्यापन प्रातः 08.00 से 11.00 बजे तक आवंटन अपरान्ह 01.00 से
	ए0एम0यू0, अलीगढ तथा बी0एच0यू0, वाराणसी हेतु दिनांक–10 जून, 2017 अभिलेखों का सत्यापन प्रातः 08.00 से 11.00 बजे तक आवंटन अपरान्ह 01.00 से

1. राजकीय मेडिकल कालेजों/संस्थानों/चिकित्सा विश्वविद्यालयों की रिक्त सीटों की काउंसिलिंग हेतु एन0आई0सी0 की वेबसाईट पर दिनांक 28 मार्च 2017 से 03 अप्रैल 2017 तक तथा दिनांक–29 एवं 30 मई 2017 तक पंजीकृत अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
2. ए0एम0यू0, अलीगढ तथा बी0एच0यू0, वाराणसी हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिन्होने पूर्व में एन0आई0सी0 की वेबसाईट पर अपना पंजीकरण कराया हो तथा उनका नाम सम्बन्धित संस्थानों/विश्वविद्यालयों द्वारा काउंसिलिंग से पूर्व उपलब्ध कराई जाने वाली अर्ह अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित हो।
3. दिनांक–09 तथा 10 जून 2017 को प्रस्तावित काउंसिलिंग में आवंटित छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया काउंसिलिंग स्थल पर ही सम्पन्न की जायेगी।
4. काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग शुल्क रू0 1000/– तथा सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 के नाम से लखनऊ में देय हो, जमा करना अनिवार्य होगा। **किसी भी दशा में नकद धनराशि काउंसिलिंग स्थल पर स्वीकार नहीं की जायेगी।**
5. काउंसिलिंग हेतु सभी छात्रों को अपने मूल शैक्षिक अभिलेखों तथा कालेज हेतु निर्धारित शुल्क के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
6. ए0एम0यू0, अलीगढ तथा बी0एच0यू0, वाराणसी की रिक्त सीटों की काउंसिलिंग संस्थान के बायलाज के अनुसार की जायेगी।
7. **राजकीय मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों हेतु कोई पुनरावंटन (Reshuffeling) अनुमन्य नहीं होगा। नीट पी0जी0–2017 की पूर्व की काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त (प्रवेशित/अप्रवेशित/त्यागपत्र दे चुके) अभ्यर्थी अर्ह नहीं होगें।**
8. राजकीय मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों/इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज़, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में उपलब्ध सीटों का विवरण एवं पी0जी0 काउंसिलिंग हेतु शुल्क तथा अन्य आवश्यक दिशा–निर्देश महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 की अधिकृत वेबसाइट www.updgme.in एवं https://upneet.gov.in पर उपलब्ध है।

महानिदेशक